आधार पर तैयार किया जायेगा तथा परीक्षाफल प्रकाशन के पश्चात उन्हें Normalised अंक ही दिया जायेगा।

परीक्षा का स्वरूप निम्न प्रकार होगा :–

**परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :–**

**आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर युक्त होंगे। एक प्रश्न का पूर्ण अंक 4 (चार) होगा। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 (चार) अंक दिये जायेंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 (एक) अंक की कटौती की जायेगी। प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में होंगे।**

**17. मुख्य परीक्षा :–**

मुख्य परीक्षा के लिए दो पत्र होंगे। इसमें निम्न विषय रहेंगेः–

पत्र–1

कम्प्यूटर ज्ञान एवं संचालन

(क) संबंधित पद की सेवा नियमावली में यथा विहित कम्प्यूटर ज्ञान एवं संचालन की परीक्षा इस पत्र के अधीन ली जाएगी।

(ख) इस पत्र के अधीन Window, MS Office, Internet तथा E mail इत्यादि से बहु विकल्पीय उत्तर आधारित 50 (पचास) प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा की अवधि 1 घंटा होगी।

पत्र–2

विशिष्ट विषय की परीक्षा

(क) संबंधित पद की सेवा नियमावली में यथा विहित विशिष्ट विषय की परीक्षा इस पत्र के अधीन ली जाएगी।

(ख) इस पत्र के अधीन बहु विकल्पीय उत्तर आधारित 100 (एक सौ) प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा की अवधि 2 घंटा होगी।

(ग) विहित विशिष्ट विषयों का पाठ्यक्रम **परिशिष्ट–X** में संलग्न है।

**टिप्पणीः–(1)** पत्र–1 (कम्प्यूटर ज्ञान एवं संचालन) की परीक्षा में न्यूनतम अर्हत्तांक 30% (तीस प्रतिशत) होगा। न्यूनतम अर्हत्तांक से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए चयन हेतु असफल/अयोग्य माने जायेंगे तथा ऐसे अभ्यर्थियों के पत्र–2 का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा। पत्र–1 में ***प्राप्त अंक मात्र अर्हक (Qualifying) होगा, इस खण्ड में प्राप्त अंक मेधा निर्धारण के लिए नहीं जोड़ा जायेगा।***

**(2)** पत्र–2 में कुल प्राप्त अंकों तथा पदों के विकल्पों के आधार पर मेधा सूची का गठन किया जाएगा।

**18. मुख्य परीक्षा के आधार पर मेधा सूची का निर्माण :**

(i) आयोग द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा के उपरांत विवरणिका की कंडिका–17.2 की टिप्पणी के अधीन प्रश्न पत्र–2 में कुल प्राप्तांक के आधार पर सामान्य मेधा–सूची (Common Merit